अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस का अभूतपूर्व प्रदर्शन
समस्त राज्यों में प्रथम स्थान, बेस्ट राईडर व बेस्ट हॉर्स खिताब भी जीते

राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दिनांक 02.01.2017 से 10.01.2017 तक आयोजित की गई 35वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस की टीम नें अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए राज्य तथा केन्द्रशासित प्रदेशों की टीमों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस टीम ने विभिन्न स्पर्द्धाओं में भाग लेते हुए चार स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य पदक सहित कुल दस पदक जीते हैं। इसके साथ ही इस टीम ने चार ट्रॉफियां एवं दो विशिष्ट पदक भी हासिल किये हैं।

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय पुलिस संगठनों एवं विभिन्न राज्यों की कुल 18 टीमों एवं 260 घोड़ों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन श्री विजय गोयल, केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री भारत सरकार द्वारा किया गया था। राजस्थान पुलिस की टीम इस प्रतियोगिता के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही थी। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत निरन्तर इस टीम की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इसी प्रेरणा एवं टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम सामने आया है।

राजस्थान पुलिस की टीम ने मेडले रिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सिंथेटिक ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया इस स्पर्द्धा में श्री भागचन्द कानि0 1278, श्री बबलू राम

कानि0 86 एवं श्री राकेश चेजारा कानि0 5439 टीम का हिस्सा थे। व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं में श्री भागचन्द कानि0 1278 ने लगभग ''क्लीन स्वीप'' करते हुए शो जम्पिंग ग्रेड III, मेंटल हजार्ड टेस्ट, वनडे इवेन्ट नॉविस में स्वर्ण पदक जीतते हुए डीजी आसाम ट्रॉफी, उत्तरायण ट्रॉफी एवं लाला बी0के0 देव ट्रॉफी जीती। इसके साथ ही श्री भागचन्द ने बेस्ट राईडर की मेवाड़ चैलेंज ट्रॉफी पर भी अपना कब्जा जमाया। जैनी घोड़ी ने बेस्ट हॉर्स की चेतक ट्रॉफी जीती। यहां यह उल्लेखनीय है कि बेस्ट हॉर्स एवं बेस्ट राईडर की ट्रॉफी पहली बार राजस्थान के प्रतिभागियों द्वारा जीती गई है।

राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक अपने नाम कर चुके श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 98 ने शो जम्पिंग की सबसे कठिन स्पर्द्धा सिक्स बार में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार रजत पदक जीता। इसी प्रकार श्री बबलू राम कानि0 86 ने शो जम्पिंग ग्रेड III टॉप स्कोर में तथा श्री विरेन्द्र सिंह कानि0 116 ने शो जम्पिंग प्रीलिमिनरी स्पर्द्धा में रजत पदक प्राप्त किया।

शो जम्पिंग नॉविस टीम स्पर्द्धा में राजस्थान की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही श्री मुकेश कुमार सईस ने सईस टेस्ट में तथा श्री बबलू राम कानि0 ने शो जम्पिंग नॉविस टॉप स्कोर स्पर्द्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ0 किरण बेदी, उप राज्यपाल, पॉण्डीचेरी ने राजस्थान की टीम व खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। राजस्थान टीम के मैनेजर श्री सुनील कुमार, कम्पनी कमाण्डर, राजस्थान पुलिस अकादमी ने मुख्य अतिथि से ट्रॉफियां प्राप्त कर टीम द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत की जानकारी दी।

राजस्थान पुलिस के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए पुलिस महानिदेशक श्री मनोज भट्ट एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं।